卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 77 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦24 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


### खेल मंत्रालय का बड़ा फैसला

## भारतीय कुश्ती महासंघ निलंबित

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। भारतीय कुश्ती संघ को लेकर खेल मंत्रालय ने बड़ी कार्रवाई की है। खेल मंत्रालय ने कुश्ती संघ को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही डब्लूएफआई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह के सभी फैसलों पर भी रोक लगा दी गई है। हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह को जीत मिली थी। इसके बाद महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास ले लिया था। सरकार ने अब इसे सस्पेंड कर दिया है।



खेल मंत्रालय ने कहा कि संजय कुमार सिंह ने 21 दिसंबर को घोषणा की कि जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं इस साल के अंत से पहले शुरू होंगी। यह नियमों के खिलाफ है। कम से कम 15 दिन के नोटिस की जरूरत है ताकि पहलवान तैयारी कर सकें। खेल मंत्रालय ने आगे कहा, इस तरह के निर्णय कार्यकारी समिति द्वारा लिए जाते हैं, जिसके समक्ष एजेंडा को विचार के लिए रखा जाना आवश्यक होता है। डब्ल्यूएफआई संविधान के अनुसार बैठक के लिए 15 दिन पहले नोटिस देना अनिवार्य होता है। यहां तक कि आपातकालीन बैठक के लिए भी न्यूनतम नोटिस अवधि 7 दिनों की होती है। खेल मंत्रालय (शेष पृष्ठ सात पर)

## जयंती पर स्व.इंद्रमणि बडोनी को किया नमन

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्व. इंद्रमणि बडोनी की जयंती पर उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन



में उनके त्याग एवं सक्रिय सहयोग को याद किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को पृथक राज्य बनाने के लिए आंदोलन प्रारंभ करने वाले बडोनी प्रत्येक उत्तराखंड वासी के लिए आदर्श हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड (शेष पृष्ठ सात पर)

## उत्तराखंड मूल निवास स्वाभिमान महारैली में उमड़ा सैलाब

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में मूल निवास कानून लागू करने और इसकी कट ऑफ डेट 26 जनवरी 1950 घोषित किए जाने और प्रदेश में सशक्त भू-कानून लागू किए जाने की मांग को लेकर रविवार को आयोजित उत्तराखंड मूल निवास स्वाभिमान महारैली में भारी सैलाब उमड़ पड़ा। महारैली में बड़ी संख्या में युवा और तमाम सामाजिक और राजनीतिक संगठन शामिल होने प्रदेश भर से पहुंचे। भारी संख्या में लोग परेड मैदान में एकत्रित हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। रैली परेड ग्राउंड से शुरू हुई। इस दौरान मूल निवास, भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति के संयोजक मोहित डिमरी





ने कहा कि यह उत्तराखंड की जनता की अस्मिता और अधिकारों की लड़ाई है। सरकार की ओर से विभिन्न माध्यमों से संघर्ष समिति से जुड़े सदस्यों से संपर्क कर रैली का टालने का अनुरोध किया गया था।उन्होंने कहा कि हम सरकार की इस पहल और सक्रियता का सम्मान करते हैं, लेकिन यह जन (शेष पृष्ठ सात पर)

## पूजित अक्षत की निकाली भव्य शोभा यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सम्पर्क अभियान समिति द्वारा श्री राम मंदिर की प्राण विधिविधान से पूजा अर्चना की और सरस्वती शिशु मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली जो नैनीताल रोड, डीडी चौक, पहुंचने का निमंत्रण दिया गया। आज जिला मुख्यालय में जिले के सभी नगर खण्डों के संयोजकों को पूजित अक्षत





प्रतिष्ठा से पूर्व अयोध्या से पूजित अक्षत देश भर के सभी घरों में वितरण करने का संकल्प लिया गया है। आज यहां पूजित अक्षत पहुंचने पर सैकड़ों लोगों ने उनकी अग्रसेन चौक, मुख्य बाजार होते हुए पांच मंदिर पहुंची । जहां श्रद्धालुओं द्वारा पूजित अक्षत का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान सभी लोगों को अयोध्या कलश सौंपे गये तथा जिले में सभी ग्रामों व बस्तियों तक पहुंचने का संकल्प लिया गया। इस दौरान विभाग संघ चालक डा. राम उजागर, (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुख्यमंत्री धामी कल काशीपुर में

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रान्तीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कल रामनगर रोड स्थित एक होटल में आयोजित हो रहा है। शपथ ग्रहण समारोह की जानकारी देते हुए प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कुमाऊं मंडल प्रभारी अश्विनी छाबड़ा ने आज यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी होंगे। समारोह शाम चार बजे से आरंभ होगा। शपथ ग्रहण समारोह में अति विशिष्ठ (शेष पृष्ठ सात पर)

## शादी का झांसा देकर बनाए संबंध,फिर करा दिया गर्भपात

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सैलून की दुकान में करने वाले एक व्यक्ति ने युवती को शादी का झांसा देकर पहले उससे शारीरिक संबंध बनाए।जब युवती गर्भवती हो गई तो उसने उसका गर्भपात करा दिया। अब वह व्यक्ति युवती से शादी करने से इनकार कर रहा है। हैदराबाद निवासी पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता का कहना है कि उसकी मुलाकात रूद्रपुर निवासी एक व्यक्ति से एक साल पहले हैदराबाद में हुई थी। वह हैदराबाद में सेलून की दुकान पर काम करता था। जिसके बाद दोनों मिलना रहा। उक्त व्यक्ति उसे शादी का झूठा झासा देकर उसके साथ एक साल से शरीरिक सम्बन्ध बनाता रहा। पीड़िता का कहना है कि उसकी उस व्यक्ति के परिवार वालो से फोन पर अकसर बात होती रहती थी। जब वह गर्भवती हो गई तो उसने दवाई खिलाकर उसका गर्भस्थ बच्चा गिरा दिया। अब वह व्यक्ति शादी करने से साफ मना कर रहा है। धमकी दे रहा है जो करना है कर ले वह शादी नही करेगा।


EYFS
DREAMS FULFILLED
TRUSTED VISA FILLING IN RUDRAPUR
+91 8360100772
WE CAN HELP YOU WITH
Free offer Letter from top colleges of Canada
- Vancouver Community College
- Fleming College
- Algoma University
- St. Clair College
USA Schooling Visa in Just 7 Lakhs
- Visa for student & One parent up to 10 Years
UK Student Visa in just 9 Lakhs
- Without IELTS or PTE
Canada Spouse Visa – May 2024 intake
(Husband and wife fly together on same day)
- Newly married can also apply
- No old funds are required
LOVISH MAHAJAN
Founder & CEO EYFS Pvt. Ltd.
34/1, BHOORA RANI ROAD, RUDRAPUR

# कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा को उत्तराखंड का नया प्रदेश प्रभारी बनाया

देहरादून(उद संवाददाता)। कांग्रेस नेतृत्व ने आखिरकार उत्तराखंड में प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव को को हटाकर यह जिम्मेदारी अब पार्टी की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा को सौंपी गई है। पार्टी में राष्ट्रीय स्तर पर बड़े



दायित्वों का निर्वहन कर चुकीं कुमारी सैलजा की नियुक्ति को प्रदेश में कांग्रेस के क्षत्रपों में संतुलन साधने और लोकसभा चुनाव में संगठन को धार देने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उत्तराखंड में वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की पराजय के बाद प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव वरिष्ठ नेताओं के निशाने पर आ गए थे। विधायकों, पूर्व विधायकों के साथ ही वरिष्ठ नेताओं ने विधानसभा चुनाव के बाद उन्हें हटाए नहीं जाने पर नाराजगी भी व्यक्त की थी। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह समेत अन्य कई वरिष्ठ नेताओं के साथ समन्वय स्थापित करने की चुनौती से देवेंद्र यादव को लगातार जूझना पड़ रहा था। ऐसे में यह कयास लग रहे थे कि कांग्रेस नेतृत्व उत्तराखंड में प्रदेश प्रभारी का जिम्मा अपेक्षाकृत अधिक अनुभवी एवं वरिष्ठ नेता को सौंप सकता है। शनिवार को कांग्रेस नेतृत्व ने प्रदेश प्रभारी के रूप में कुमारी सैलजा को दायित्व देने के आदेश जारी किए। लोकसभा चुनाव से पहले उत्तराखंड में कुमारी सैलजा को प्रभारी बनाने को कई दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सैलजा आरक्षित वर्ग से पार्टी का बड़ा चेहरा हैं। उत्तराखंड में अंबिका सोनी के बाद सैलजा दूसरी महिला हैं, जिन्हें प्रभारी का दायित्व दिया गया है। इससे पहले वह वर्ष 2017 में उत्तराखंड में हुए विधानसभा चुनाव में स्क्रीनिंग कमेटी में सम्मिलित रही थीं। हाल ही में छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान वह वहां की प्रदेश प्रभारी थीं। उस दौरान कांग्रेस नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ में वरिष्ठ पर्यवेक्षक के रूप में उत्तराखंड से प्रीतम सिंह को तैनात किया था। कांग्रेस नेतृत्व उत्तराखंड में पार्टी के जनाधार को वापस पाने के लिए हाथ–पांव मार रहा है। ऐसे में प्रदेश के दिग्गजों को साधकर लोकसभा चुनाव से पहले एकजुटता से कांग्रेस के पक्ष में वातावरण बनाने की चुनौती कुमारी सैलजा के सामने है। पार्टी ने भी इस चुनाव से पहले प्रदेश प्रभारी बदलकर अपनी बदली हुई रणनीति के संकेत भी दे दिए हैं।

# करंट लगने से हुई थी टस्कर हाथी की मौत, खेत का मालिक गिरफ्तार

डोईवाला । माजरी ग्रांट के खेत में हाथी की मौत करंट लगने से हुई थी। इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई। खेत के मालिक ने फसलों को पशुओं से बचाने के लिए तारबाड़ में करंट छोड़ रखा था, जिसकी चपेट में हाथी आ गया। वन





विभाग की शिकायत पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। विभाग ने आरोपित के विरुद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। बड़कोट रेंज के वन क्षेत्राधिकारी धीरज रावत ने बताया कि शुक्रवार को माजरी ग्रांट में रेशम फार्म के समीप एक खेत में हाथी का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। हाथी की सूंड में जख्म था और नाक से खून निकल रहा था। मौत का कारण पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया गया था, जिसकी रिपोर्ट शनिवार को आई। इसमें बताया गया कि हाथी की मौत करंट लगने से हुई है। इसके बाद जिस खेत में हाथी का शव पड़ा हुआ था, उसके मालिक माजरी ग्रांट निवासी जगमोहन को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में खेत मालिक ने बताया कि उसने जानवरों को फसल से दूर रखने के लिए खेत के चारों ओर की गई लोहे की तारबाड़ में अपने घर से विद्युत तार के जरिये करंट छोड़ रखा था। गुरुवार रात खेत की तरफ आया हाथी इसकी चपेट में आ गया। सुबह जब उसने खेत में हाथी का शव पड़ा देखा तो तार हटा ली। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि वन विभाग की टीम ने घटना में प्रयुक्त विद्युत तार को घटनास्थल के समीप नहर से बरामद किया है। बड़कोट रेंज के वन क्षेत्राधिकारी धीरज रावत ने बताया कि जब हाथी को करंट लगा तो वह तारबाड़ में उलझ गया। इससे उसकी सूंड जख्मी हो गई। मौके पर हाथी की सूंड से काफी खून भी निकला था।

# परिवहन, खनन, जीएसटी के तहत राजस्व बढ़ाने के लिए और प्रयास किए जाएं : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सचिवालय में इस वित्तीय वर्ष के राजस्व प्राप्ति एवं आय के संसाधनों में वृद्धि के संबंध में वित्त मंत्री सहित शासन के उच्चाधिकारियों के साथ गहनता से समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने राज्य के राजस्व प्राप्ति के कुल लक्ष्य 24745 करोड़ रुपए के सापेक्ष 16436 करोड़ रुपए जो लक्ष्य का 66 प्रतिशत है, की स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए अवशेष 34 प्रतिशत के राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य को फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन, खनन, जीएसटी आदि क्षेत्रों में गहन निगरानी रखने के लिए ऑनलाईन सिस्टम को और बेहतर बनाया जाए। जीएसटी के तहत राजस्व बढ़ाने के लिए और प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने विभागीय कार्ययोजनाओं में स्थानीय लोगों



की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने की भी बात कही। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 21वीं शदी के इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक बताया है। सभी विभागों की कार्ययोजना का इसकी सफलता में बड़ा योगदान रहेगा। सभी विभाग आपसी समन्वय एवं दक्षता के साथ इस दिशा में आगे बढ़े। बैठक में सचिव वित्त श्री दिलीप जावलकर द्वारा विस्तृत प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विभागवार राजस्व प्राप्ति के लक्ष्यों आदि का विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री प्रेम चंद अग्रवाल, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस.संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, श्री आनंद वर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, श्री हरि चन्द सेमवाल सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# संविधान पर परिचर्चा और पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित

बाजपुर(उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में राजनीति विज्ञान विभाग और हिंदी विभाग तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में संविधान पर परिचर्चा और पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित की गई। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रियंवद ने संविधान के निर्माण प्रक्रिया पर सारगर्भित वक्तव्य देने के साथ ही संविधान, न्याय, सामाजिक, विचार, पंथनिरपेक्ष, अभिव्यक्ति, स्वतंत्रता, विश्वास, श्रद्धा और समता जैसे शब्दों की व्यावहारिक व्याख्या प्रस्तुत की। परिचर्चा के दौरान नितिका, सुमन, रितिका, शुभांशी, पलक, साहिबजीत, विनोद कुमार, उजमा खान, दिव्या, अंशिता, सौरभ कुमार, प्रिया, नेहा, शिवानी और ममता आदि छात्र–छात्राओं द्वारा संविधान विषयक प्रश्न पूछे गए। उन पर चर्चा की गई। इससे पूर्व राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. बी.के. जोशी ने संविधान की महत्ता और उसकी विविधता पर अपना महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। प्राचार्य प्रो. के.के. पांडे ने छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए संविधान पर परिचर्चा और पोस्टर प्रदर्शनी को



आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि संविधान को केवल एक दिन में नहीं समझा जा सकता, अत: इस प्रकार के आयोजन निरंतर होते रहें ताकि विद्यार्थियों को संविधान की संवैधानिक समझ उत्पन्न हो। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. खेमकरण सोमन ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्राचार्य के.के. पांडे, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, प्रियंवद, मो. तल्हा, श्री अब्दुल रहीम, महाविद्यालय स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. सूरजपाल सिंह, डॉ. विकास रंजन, डॉ. अतुल उप्रेती, डॉ. संध्या चौरसिया, डॉ. दर्शना पंत, डॉ. जय सिंह, डॉ. संगीता, डॉ. वंदना, डॉ. अतीश वर्मा, डॉ. आदर्श चौधरी और श्री हितेंद्र शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष के डॉ. बी.के. जोशी ने किया।





रूद्रपुर में निकाली गई अयोध्या के लिए पूजित अक्षत कलश यात्रा का स्वागत करते क्षेत्रवासी











रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रूद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

## पांच मंदिर में भजन गायन प्रतियोगिता कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती कल 25 दिसम्बर को धूमाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर शहर के लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा की ओर से भजन गायन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। जानकारी देते हुए श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर ने बताया कि भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय जी द्वारा श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा की स्थापना वर्ष 1923 में की गई थी। जिसे श्री सनातन धर्म सभा शताब्दी महोत्सव के रूप में बड़ी धूमधाम से मना रही है। महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी के जन्मदिन पर 25 दिसम्बर को प्रात: काल 8:30 बजे लक्ष्मी नारायण मंदिर में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसके पश्चात शाम 3 बजे से 6 बजे तक भजन गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

## मृत मिले युवक की नहीं हो सकी शिनाख्त

काशीपुर (उद संवाददाता)। स्टेशन रोड पर माल गोदाम के समीप अमृत अवस्था में मिले युवक के सब की सिंह तो पुलिस 48 घंटे बाद भी नहीं कर सकी है। बीते 21 दिसंबर की शाम लगभग 5:00 बजे एक 38 वर्षीय युवक स्टेशन रोड पर माल गोदाम के समीप अचेतावस्था में पड़ा मिला। जीआरपी द्वारा उसे राजकीय चिकित्सालय ले जाने पर परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। 48 घंटे बाद भी पुलिस मृतक की शिनाख्त नहीं कर सकी।

किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# दो कस्तूरी के साथ अन्तर्राष्ट्रीय तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसटीएफ ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एक वन्य जीव तस्कर को दो कस्तूरी मृगों का शिकार करके निकाली गयी कस्तूरी के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर नेपाल से कस्तूरी की तस्करी कर उसे बेचने के लिए अन्तर्राष्टीय सीमा पार कर भारत ला रहा था। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार के निर्देश पर अवैध कार्यों में लिप्त अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं सीओ एसटीएफ सुमित पाण्डे के नेतृत्व में उत्तराखण्ड एसटीएफ, वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली व तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी (खटीमा) की संयुक्त टीम ने खटीमा पीलीभीत रोड से 1 अन्तर्राष्टीय वन्यजीव तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 कस्तूरी बरामद की। जिनका वजन 64.55 ग्राम है। गिरफ्तार तस्कर ग्राम चायकोट बडी केदार गाँव पालिका अंचल सेती जनपद डोटी नेपाल का रहने वाला हैं और लम्बे समय से वन्यजीव अंगो की तस्करी में लिप्त रहकर नेपाल से भारत तस्करी कर रहा था। एसटीएफ को गोपनीय सूचना मिली कि एक नेपाली तस्कर कस्तूरी की तस्करी कर खटीमा की तरफ आ रहा है जिस पर संयुक्त टीम द्वारा घेराबन्दी कर पूर्ने विश्वकर्मा उर्फ हरिओम



पुत्र गगन बहादुर को खटीमा चौराहा पीलीभीत रोड से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 2 कस्तूरी बरामद हुई। गिरफ्तार तस्कर ने पूछताछ में बताया कि वह बरामद कस्तूरी को नेपाल के एक व्यक्ति जिसका नाम पूरन से लेकर आया है, तथा जिसे आगे बेचने के लिए हरियाणा ले जा रहा था उसने तथा पूरन ने मिलकर नेपाल में 2 हिरणों का शिकार कर उनकी कस्तूरी निकाली थी। एसटीएफ की इस कार्यवाही में मुख्य आरक्षी महेन्द्र गिरि व मुख्य आरक्षी किशोर कुमार की विशेष भूमिका रही।एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ द्वारा इस वर्ष वाइल्ड लाइफ के क्षेत्र में कई बड़ी कार्यवाही की गयी हैं ये 7वीं बड़ी कार्यवाही है जिसमें टीम द्वारा दुर्लभ कस्तूरी की गयी है तथा एक अन्तर्राष्टीय तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है जो कि लम्बे समय से नेपाल से भारत में तस्करी कर रहा था। इन कस्तूरी मृग का शिकार कब कहाँ किस जंगल में किस तरह किया गया, यह नेपाल वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।कस्तूरी मृग उत्तराखण्ड का राज्यीय पशु है जिसे वन्यजीव जन्तु संरक्षण अधिनियम की पहली अनुसूची में रखा गया है इसका शिकार करना एक गम्भीर अपराध है, पकड़े गये तस्कर के विरुद्ध फॉरेस्ट विभाग खटीमा में वन्यजीव अधि0 व वाइल्ड लाइफ एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। पुलि टीम में एसटीएफ के निरीक्षक एम0पी0सिंह, उपनिरीक्षक बृजभूषण गुरुरानी, अपर उपनिरीक्षक प्रकाश भगत, मुख्य आरक्षी महेंद्र गिरी, किशोर कुमार,दीपक भट्ट,गोविंद बिष्ट, मुख्य आरक्षी मनमोहन सिंह,तराई पूर्वी वन प्रभाग, खटीमा की एसडीओ श्रीमती संचिता वर्मा, डिप्टी रेंजर महेश चन्द्र जोशी, जागेश वर्मा ,वन दरोगा धन सिंह अधिकारी आदि शामिल थे।

# नैनीताल जिले में क्रिसमस पर यातायात रहेगा डायवर्ड

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। क्रिसमस पर पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अनेक मार्गों पर रूट डायवर्ड किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार यह प्लान आज से आगामी 26 जनवरी की प्रात: 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक तक लागू रहेगा। किसमस में आने वाले समस्त पर्यटकों, आमजनमानस एवं वाहन चालक जो शहर नैनीताल, भीमताल, भवाली एवं मुक्तेश्वर इत्यादि पर्यटक स्थलों में जा रहे है, उन वाहनों हेतु यह डायवर्जन प्लान लागू होगा। नैनीताल रोड/भीमताल रोड से आने वाले व बरेली रोड / रामपुर रोड की ओर जाने वाले वाहन नारीमन तिराहे से तीनपानी गौला बाईपास रोड का प्रयोग करेंगे। नैनीताल रोड/भीमताल रोड से आने वाले व रामनगर/कालाढूंगी की ओर जाने वाले वाहन कॉलटैक्स तिराहा से पनचक्की से लालडॉट बाईपास से कालाढूंगी रोड का प्रयोग करेंगे। काठगोदाम से भीमताल, मुक्तेश्वर की ओर जाने वाले वाहन एचएमटी मार्ग का व नैनीताल की ओर जाने वाले वाहन सीधे नैनीताल मार्ग का प्रयोग करेंगे। आम जनमानस, पर्यटकों एवं वाहन चालक यदि क्रिसमस मनाने नैनीताल जा रहे है तो उन्हें इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा। शहर नैनीताल के होटलो में बुकिंग हो। बरेली रोड से आने वाले वाहन तीन पानी बाईपास से होते हुए गोला रोड काठगोदाम को जाएंगे।रामपुर रोड से आने वाले सभी वाहन शीतल होटल से डायवर्ट होकर डीबेर गोरा पड़ाव से तीन पानी होते हुए गोलापुर से काठगोदाम को जाएंगे।भारी वाहन (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) प्रात: 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक नहीं चलेंगे।वाहनों का अत्यधिक दबाव होने पर रामपुर रोड से आने वाले वाहनों को पंचायत घर से डायवर्ट कर आरटीओ रोड हनुमान मंदिर से कालाढूंगी होते हुए नैनीताल को भेजा जाएगा। पुलिस प्रशासन ने समस्त नागरिको, पर्यटको एवं वाहन चालकों से अनुरोध किया है कि उक्त बातों को ध्यान में रखकर ही क्रिसमस हेतु शहर नैनीताल के लिए घर से निकलें।

# दो दिवसीय विज्ञान शिक्षक कार्यशाला का समापन





गदरपुर(उद संवाददाता)। अगस्त्या इंटरनेशनल फाऊंडेशन द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर में शिक्षक कार्यशाला के दो दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन क्षेत्रीय प्रभारी दयाशंकर,मास्टर ट्रेनर निक्की टोन्गर,चैंपियन ट्रेनर शंकर शर्मा प्रशिक्षिका शिवानी पपनेजा व नेहा अरोड़ा द्वारा विज्ञान के कम लागत वाले बहुत से मॉडल बने गए जिसमें साईफन मॉडल, नेत्र मॉडल, मैजिक बॉक्स, पनडुब्बी मॉडल आदि तथा रसायन विज्ञान की अनेकों गतिविधियों जैसे ऊष्मा क्षेपी व ऊष्माशोषी ,अमल क्षार सूचक आदि का प्रशिक्षण दिया गया। टाइटन कंपनी के सहयोग से चलाए जा रहे वर्कशॉप कार्यक्रम में विज्ञान की गतिविधियों द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को शिक्षकों द्वारा विकसित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, कार्यशाला के दौरान राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ,किरण पांडे, जयप्रकाश ,मुकेश वर्मा, आरपी मोनी,जितेंद्र यादव, शेख अख्तर हुसैन ,पंकज सिंह, जितेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, धर्मचंद वर्मा, कुलदीप सिंह ,बृजभूषण यादव, अजय सक्सेना , कृष्ण बत्रा,चंदन किशोर, अमरजीत बजाज, ललित जोशी, उमेश कुमार, नरेश सिंह, रूपेश कुमार, जितेंद्र सिंह यादव,आशा पांडे ,नीलम आर्य, भावना पांडे, उर्मिला कंबोज, ज्योति रानी, सीमा वासुदेव, गीता मेहरा ,डॉ. दीप्ति वर्मा ,दीपा रानी मौर्य आदि मौजूद रहे।

# विकास कार्यों पर की विस्तृत चर्चा

चंपावत (उद संवाददाता)। उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार कैंप कार्यालय के नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नवनीत पांडे से मुलाकात की गई और विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। तत्पश्चात विकास भवन चंपावत में मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह से मुलाकात की गई।जिसमें राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई और मुख्यमंत्री की परिकल्पना आदर्श चंपावत हेतु किया जा रहे कार्यों व राज्य सरकार की योजनाओं से प्रत्येक लाभार्थी को लाभान्वित



करने हेतु वार्ता की गई।मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि चंपावत को मॉडल जिला बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हर परिस्थिति में काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम्य विकास की विभिन्न योजनाओं सहित सभी कार्यों गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक सामान मिलने पर एक लाख का लगाया जुर्माना


काशीपुर। नगर निगम की टीम ने सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए चलाए जा रहे सफाई अभियान के निरीक्षण के दौरान पॉलिथीन के खिलाफ भी छापे मारे। नगर आयुक्त विवेक राय के निर्देशन में नगर निगम के एसएनए यशवीर सिंह राठी व नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह सानी ने टीम के साथ बाजपुर रोड स्थित प्रभात मार्केट में मैसर्स शिव शक्ति ट्रेडिंग कंपनी के गोदाम में डिस्पोजल सामग्री की जांच की। गोदाम में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक के कांटे, चम्मच, प्लेट व गिलास आदि मिले। नगर आयुक्त विवेक राय ने तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय की टीम से मौके पर जब्त सामान की जांच कराई। सभी सामान प्रतिबंधित प्लास्टिक के बने पाए गए। जिस पर टीम ने लगभग 28.800 ग्राम सामान जब्त कर लिया। टीम ने मैसर्स शिव शक्ति ट्रेडिंग कंपनी संचालक विरुद्ध नियमानुसार एक लाख रुपये की चालानी कार्रवाई की। साथ ही कंपनी के संचालक को चेतावनी दी कि दोबारा प्रतिबंधित सामग्री मिलने पर दोगुना जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं टीम ने रामनगर रोड स्थित डॉमिनोज पिज्जा के संचालक पर गंदगी फैलाने के मामले में पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया। टीम में एसएनए विनोद लाल, पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी नरेश गोस्वामी, पीबीसी के अनुसहायक आकाश, राशिद हुसैन, विक्रांत, अब्दुल सलीम, वेद प्रकाश आदि शामिल रहे।

# ऊधमसिंह नगर में 35 जनसेवा केंद्र खोलेगा सहकारिता विभाग

रुद्रपुर। सहकारिता विभाग आय का जरिया बढ़ाने के लिए कवायद कर रहा है। विभाग समितियों के जरिए हर घर नल योजना के तहत बन रहे ओवरहैड टैंक के संचालन से बिल वितरण का जिम्मा लेगा। साथ ही जिले में 35 जनसुविधा केंद्र खोलने का कार्य किया जा रहा है। सहकारिता विभाग की ओर से जनऔषधि केंद्र खोलने के साथ ही समितियों की जमीन पर गैस एजेंसी और पेट्रोल पंप की कवायद हो रही है। इसको लेकर समितियों से प्रस्ताव मांगे जा रहे हैं। जिलों में समितियों के भवनों पर जनसुविधा केंद्र भी खोलने शुरू हो गए हैं। इन केंद्रों के जरिए ग्रामीणों को आधार कार्ड बनवाने, अपडेट करने, बैंकों के ट्रांजेक्शन, पैन कार्ड, जाति, स्थायी प्रमाणपत्र के साथ ही कई सरकारी योजनाओं के साथ ही सहकारी विभाग की योजनाओं की जानकारी होगी। विभाग के उपनिबंधक मुख्यालय मान सिंह सैनी ने बताया कि ऊधमसिंहनगर में 35 जनसुविधा केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा गया है। सभी जनसुविधा केंद्र समितियों के भवन में खोले जाएंगे और समिति के कर्मचारी इसका संचालन करेंगे। अभी चार केंद्र खुल चुके हैं। जिला सहायक निबंधक को निर्देश दिए हैं कि 31 दिसंबर तक लक्ष्य पूरा करते हुए केंद्र खोल दिए जाएं। बताया कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बन रहे टैंक की निगरानी, मरम्मत के साथ संचालन और बिल वितरण का कार्य भी समितियां करेंगी। हर गांव में ग्रामीणों की समिति बनाई जा रही है और समिति के लोगों को स्वरोजगार के लिए ऋण मुहैया कराया जाएगा।

# अंग्रेजी साहित्य छात्रों के लिए पुस्तक प्रकाशित


शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। गुरुग्राम के सुजीत मंडल ने अंग्रेजी साहित्य के छात्र व छात्राओं के लिए एक विशिष्ट पुस्तक प्रकाशित की है। यह पुस्तक टीजीटी, पीजीटी व हायर एजुकेशन अभ्यर्थियों की परीक्षा हेतु भी उपयोगी है वर्तमान समय यह पुस्तक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे-अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, परफेक्ट राइटर पब्लिकेशन, गूगल प्ले स्टोर, गूगल बुक पर उपलब्ध है। अंग्रेजी एस्पायरेंटस तैयारी हेतु इन माध्यमों से पुस्तक खरीद सकते हैं। सुजीत अंग्रेजी विषय से एमफिल भी किया है व वर्तमान समय भारतीय उपन्यासकार शशि देशपांडे की विभिन्न साहित्यिक कार्यों पर अपने पीएचडी (अंग्रेजी) शोध हेतु शोध कर रहे है! सुजीत क्षेत्र का एकमात्र अंग्रेजी विषय से पीएचडी शोधार्थी है।




# देहरादून का साईबर क्राइम पुलिस स्टेशन देश के टॉप 3 साईबर इकाइयों में शामिल

## साईबर धोखाधड़ी के पीड़ितों को दिलाया जा रहा न्याय






देहरादून(उद संवाददाता)। देशभर में बढ़ते साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन देहरादून डाटा सिक्योरिटी काउंसिल आफ इंडिया द्वारा स्पेशल टास्क फोर्स भारत के टॉप 3 साइबर इकाइयों में से एक घोषित किया गया है।डाटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा देश भर से 40 विभिन्न स्टेट एवं एजेंसीज में से प्रथम तीन स्टेट एजेंसीज का चयन किया। जिनके द्वारा Eñcellence in Capacity Building for Law Enforcement Agency की श्रेणी में उत्तराखंड पुलिस का चयन हुआ है। बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल की अगुवाई में स्पेशल टास्क फोर्स के अधीन साइबर थाने देहरादून में बीते एक साल में निरंतर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम अभियान चलाए हैंद्य इस क्रम में मार्च एवं अप्रैल 2023 में प्रदेश के सभी जनपदों के साइबर सेल एवं पुलिस कर्मियों को एक हफ्ते का साइबर से संबंधित बेसिक एवं एडवांस साइबर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। सीएम धामी ने ''विजन सरलीकरण, समाधान एवं निस्तारण" के अन्तर्गत पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड अभिनव कुमार के दिशा-निर्देशन में साईबर धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए साईबर पीड़ितो को न्याय दिलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा जहां एक तरफ अभियोग पंजीकृत कर साइबर अपराधियों को देश भर से पड़कर जेल भेजा जा रहा है। इसके साथ ही निरंतर दक्षता बढ़ाने हेतु कैपेसिटी बिल्डिंग का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उत्तराखंड साइबर पुलिस के ढांचे में वर्तमान में मैनतों बींतं चलाया जा रहा है। स्पेशल टास्क फोर्स उत्तराखंड के लिए पुलिस की नोडल एजेंसी है जो लगातार भारत के इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (I4C) के साथ समन्वय स्थापित कर साइबर अपराधो के रोकथाम, उनके अनावरण और प्रशिक्षण में निरंतर कोशिश कर रही है। साइबर थाने देहरादून को I4C से प्राप्त सूचना को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जिलों के साइबर सेल को जेसीईटी लिंकेज को शेयर किया जाता है। JCIT Linakges के माध्यम से डिप्टी एसपी स्पेशल ऑपरेशन द्वारा संबंधित अपराधियों को वारंट भी पर अन्य राज्यों से गिरफ्तार करने में सहायता मिलती है। इस प्रकार से उत्तराखंड में गिरफ्तार किसी भी साइबर अपराधियों के जेसीआईटी लिंकेज (JCIT Linakges) को साइबर थाने देहरादून द्वारा i4 सीसी साझा किया जाता है। आपको बता दें कि साइबर थाना देहरादून देश का पहला थाना था जिसने साइबर के मामलों में पीड़ित की मदद हेतु Zero FIR की प्रक्रिया को अपनाया। जिसको बाद में गृह मंत्रालय के I4C द्वारा भी सराहा गया। सरकार के CCPWC प्रोजेक्ट के तहत दिए गए लक्षण को स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा 100% (100 प्रतिशत) पूर्ण किया गया है। कुछ लक्ष्य को 160 प्रतिशत (160%) पूर्ण किया गया है।



# फर्जी कंपनी खोलकर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

देहरादून(उद संवाददाता)। पुलिस ने विदेशी कंपनियों के साथ व्यापार करने वाली नामी कंपनी के साथ फर्जी नाम से कंपनी खोलकर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का दून पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फर्जी कंपनी खोलकर करोड़ों की ठगी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस की गिरफ्त में गिरोह का एक सदस्य भी आया है जिसे आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी के पास से एक करोड़ रूपए के फार्मा कम्पनी रॉ मैटेरियल भी बरामद किया है। 21 दिसबंर को प्रेमनगर थाने में नरेन्द्र पाला पुत्र पी. चेन्नपा निवासी आनंदपुरमु अनंतपुर आंध्र प्रदेश ने प्रार्शना पत्र देकर कहा कि प्रेमनगर क्षेत्रान्तर्गत त्यागी मार्केट स्थित MEDICO PHARMACEUTICALS कंपनी द्वारा उनकी अनंतपुर आंध्र प्रदेश स्थित SIFLON PHARMA PVT LTD कंपनी से फार्मा कंपनियों में बनने वाली दवाइयां का रॉ मैटेरियल OXYCLOZANIDE IP VET मंगवाया गया था।



अभियुक्तों द्वारा आंध्र प्रदेश स्थित कंपनी के साथ व्यापार करने वाली कंपनी MEDICO PHARMACEUTICALS द्वारा अपना पता 34 त्यागी रोड प्रेमनगर दर्शाकर व्यापार किया जा रहा था। लेकिन जब उन्हें उन पर शक हुआ तो उन्होंने पता लगाने की कोशिश की। तब जाकर उन्हें पता चला कि उनके साथ कंपनी ने एक कोरड़ की धोखाधड़ी की है। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। बता दें कि आरोपी नकली कंपनी के नाम पर नामी फार्मा कम्पनियों से रॉ मैटेरियल अन्य कम्पनियों को बेचकर बड़ा मुनाफा कमाते थे। जिसके बाद कंपनियों से मंगाए गए रॉ मैटिरियल का भुगतान किए बिना ही वहां से फरार हो जाते थे। ये गिरोह महाराष्ट्र, राजस्थान, आन्ध्र प्रदेश की कई नामी कम्पनियों को करोड़ों का चूना लगा चुके हैं। पुलिस ने मुख्य आरोपी आशीष कुमार सेठ को सब्जी मण्डी प्रेमनगर स्थित एक गोदाम से SIFLON PHARMA PVT LTD के रॉ मैटिरियल के 10 ड्रम OXYCLOZANIDE IP VET के साथ गिरफ्तार किया है।

# बेकरी की दुकान में आग लगने से लाखों की क्षति

चंपावत(उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय जीआईसी चौराहे पर अचानक बेकरी की दुकान में आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची तब तक सारा सामान जलकर राख चुका था। पीड़ित ने जिला जाकर पता चला। जिसके बाद दुकान स्वामी ने इसकी सूचना पुलिस व जिला प्रशासन को दी जब तक दमकल विभाग की टीम पहुंचती तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया था। जानकारी के अनुसार शॉट सर्किट से रात एक दो बजे के बीच अचानक आग लगने की संभावना जताई जा रही है। उन्होंने बताया




प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग उठाई है। शुक्रवार देर रात मुख्यालय के जीआईसी चौराहे पर मनोज सिंह निवासी पोखरी की दुकान में अचानक आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया की वह पिछले सात साल से बेकरी की दुकान चलाकर अपना रोजगार कर रहा था। बताया की सुबह पांच बजे सुबह की सैर पर निकले कुछ लोगों ने इसकी सूचना उन्हें दी तब की 24 लाख रुपए का बैंक से लोन लेकर स्वरोजगार कर रहे थे। लेकिन अचानक अग्नि कांड की इस घटना से वह काफी हताश हैं। बताया की इस घटना में उनका सात से आठ लाख रुपए का नुकसान हो गया है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय वर्मा, राजेंद्र सिंह, भुवन भट्ट, नाथ सिंह, लीलाधर, राजेंद्र बोहरा, बसंत पांडे सहित अन्य लोगों ने जिला प्रशासन से पीड़ित को उचित मुआवजा देने की मांग उठाई है।



# गुण्डा एक्ट के प्रकरणों का तेजी से निस्तारित करें: डीएम

रूद्रपुर( उद संवाददाता) जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में मासिक स्टाफ बैठक डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई।जिलाधिकारी ने कानून एवं शान्ति व्यवस्था की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि गुण्डा एक्ट के प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये। उन्होंने न्यायालयों में लम्बित वादो के निस्तारण हेतु प्रमुखता से गवाही कराने के निर्देश संयुक्त निदेशक अभियोजन को देते हुए कहा कि न्यायालय में उपस्थित सरकारी गवाह को कोई भी वकील दांव-पेच चलकर गवाही होने से न रोक समय, इस बात का विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने पुलिस महकमें के अधिकारियों को निर्देश दिये कि इन्वेस्टीगेशन ऑफीसर (जांच अधिकारी) किसी भी स्तर पर गलती न करें। उन्होंने परगना मजिस्ट्रेट न्यायालयों में लम्बित वादो के निस्तारण हेतु अभियोजन तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से सुनवाई हेतु तारीखों का निर्धारण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि आरसी वसूली कार्यों में तेजी लाई



जाये और राजस्व संग्रह में वृद्धि हो। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि राजस्व संग्रह में किसी भी स्तर पर कोई भी कमी या चूक न हो। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व, खनन, आबकारी, जीएसटी, परिवहन आदि विभागों द्वारा इन्फोर्समेंट की कार्यवाही हेतु फॉर्स मांगे जाने पर प्राथमिकता से पुलिस फॉर्स उपलब्ध कराई जाये। जिलाधिकारी ने नजूल से सम्बन्धित पत्रावलियों की लिस्ट तैयार करने तथा निगम से भी नजूल से सम्बन्धित पत्रावलियों की लिस्ट मंगाने के निर्देश ओ.सी. नजूल को दिये। उन्होंने एनएच निर्माण कार्यों हेतु भूमि अधिग्रहण, मुआवजा वितरण आदि की कार्यवाही तेजी से करने के निर्देश सम्बन्धित क्षेत्र के उप जिलाधिकारियों को दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, अशोक कुमार जोशी, एसपी मनोज कत्याल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे, कौस्तुभ मिश्रा, अभय प्रताप सिंह, रविन्द्र बिष्ट, राकेश तिवारी, उप निदेशक खनन दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# एक किलो 600 ग्राम चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

लोहाघाट( उद संवाददाता) ।एसएसपी देवेन्द्र पींचा के निर्देश पर जनपद चम्पावत में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे हैं ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत लोहाघाट क्षेत्र मे एसोजी /एएनटीएफ टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए चैकिंग के दौरान बलाई जाने वाले रास्ते में -सलीम पुत्र जलील खां नई बस्ती टनकपुर तथा जाकिर हुसैन पुत्र हकीमत तुल्ला निवासी लाल इमलीपड़ाव वार्ड नंबर 07 टनकपुर को चैकिंग हेतू रोका गया तो उनके कब्जे से 1 किलो 600 ग्राम चरस बरामद हुई। नियामानुसार कार्यवाही करते हुए दोनो अभियुक्तो को गिरफ्तार



किया गया। अभियुक्तों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए थाना लोहाघाट में एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया है ।दोनों ने पूछताछ मे बताया कि वह टैक्सी मे एफजी में ड्राइवर का काम पर्वतीय क्षेत्रों में करते है टैक्सी ड्राईवर का काम करते करते चरस तस्करों के सम्पर्क में आकर छोटी -छोटी मात्रा में चरस ले जाकर मैदानी इलाकों में बेचकर मुनाफा कमाने लगें लालच पड़ने पर थोड़ी अधिक मात्रा में चरस का कारोबार करने लगें। पुलिस ने सलीम सें 850 ग्राम चरस तथा जाकिर हुसैन सें 750 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस टीम मे एसआई मनीष खत्री प्रभारी, एसआई ललित पाण्डेय ,हे0 का0 महेन्द्र डगवाल,कांस्टेबल नवल किशोर, कांस्टेबल सूरज कुमार, कांस्टेबल विनोद जोशी आदि शामिल थे।

# परिक्रमा के उपरांत 56 पावन तीर्थों से लाया गया पवित्र जल

शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। 8 वर्षों से 56 नदी, सागर, कुंड सरोवर, घाट से एकत्रित कर पावन गंगा जल से निर्मित पीयूष कलश स्थापना कर विश्व कल्याण के लिए अमृत गंगा जल को मोक्षदा एकादशी गीता जयंती महोत्सव के शुभ अवसर प्रब्रह्म परमात्मा श्रीकृष्ण भगवान ने अर्जुन को जिस दिन कुरुक्षेत्र में श्रीमद् भगवद्गीता का उपदेश दिया उसी पावन पुनीत दिन श्रीमद् भागवत कथा व्यास आचार्य राम चंद्र जी महाराज ने मानव कल्याण ,विश्व शांति के लिए अमृत गंगा जल को प्रदान किया।



देवभूमि बैकुंठपुर शक्तिफार्म में गीता जयंती के शुभ अवसर पर देश के विभिन्न 56 तीर्थों से एकत्रित पावन गंगा जल को आचार्य राम चंद्र जी महाराज ने भक्तो को प्रदान किए जिसमे देश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंचकर अमृत जल को प्राप्त किया,आचार्य राम चंद्र ने कहा यह अमृत गंगा जल सभी मनोकामना को पूर्ण करते हुए असाध्य रोग से मुक्ति प्रदान करती है।इस शुभ अवसर पर विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमे सैकडो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।

# शहीदी दिवस पर बालिकाओं को बांटी धार्मिक शिक्षण सामग्री

गदरपुर( उद संवाददाता)। 23 दिसंबर को शहीद हुए श्री गुरु गोविंद सिंह जी के बड़े साहब जादे अजीत सिंह एवं जुझार सिंह के शहीदी दिवस तथा अन्य शहीदों की स्मृति में ग्राम राजपुरा नंबर एक कॉलोनी में एक दर्जन शिक्षित बालिकाओं को शिक्षण सामग्री एवं धार्मिक पुस्तको का वितरण करके शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई । सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के संयोजक देवेंद्र सिंघ द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ गुरबाणी पाठ तथा प्रसाद वितरण के साथ किया गया। सिख मिशनरी कॉलेज की महिला संयोजिका एवं समाज सेविका



हरभजन कौर द्वारा शहीदों की दास्तान पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि किस प्रकार चमकौर की गढ़ी पंजाब में 10 लाख दुश्मन की फौज का सामना करते हुए बाबा अजीत सिंह एवं जुझार सिंह एवं अन्य शहीदो द्वारा बहादुरी से जंग करते हुए शहीदी प्राप्त की । अपनी जान जोखिम में डालकर शहीदों का अंतिम संस्कार करने पर शहीद हो गई माता हरशरण कौर का भी जिक्र करते हुए उनकी शहादत को नमन किया गया । इस मौके पर महिलाओं एवं बालिकाओं को अपने परिवार को गुरुवाणी से जोड़ने तथा नशा मुक्ति अभियान चलाने के लिए भी संकल्प करवाया गया । इस दौरान बलविंदर कौर,मनप्रीत कौर,भावना,पूनम,जसप्रीत कौर,राजेंद्र कौर,सिमरन कौर, गुरप्रीत कोर,रमनदीप कौर,पवन प्रीत कौर,सरबजीत कौर,संगीता आदि मौजूद रहे ।

# 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

गदरपुर( उद संवाददाता)। नगर के व्यापारियों द्वारा आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर के शुभ उद्घाटन के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग को लेकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से भारतीय जनता



पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के नगर संयोजक राकेश गुंबर ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को श्री राम मंदिर का शुभारंभ होने जा रहा है उस दिन सार्वजनिक अवकाश होने से देशवासियों को अपने घर में रहकर दीपमाला करने का शुभ अवसर प्राप्त हो सकेगा । इस मौके पर राकेश गुंबर,अशोक छाबड़ा, केवल गुंबर,गगन डंग आदि मौजूद रहे ।

# शहीदी सप्ताह पर जरूरतमंदों की सेवा में लगाया लंगर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के पर्यावरण प्रेमी एवं वरिष्ठ समाजसेवी डा. मनमोहन सिंह ने गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शहीदी सप्ताह पर गरीब जरूरतमंदों की सेवा के लिए हाथ बढ़ाये हैं। 21 दिसम्बर से शुरू हुए शहीदी सप्ताह के तहत डा. मनमोहन सिंह सार्वजनिक स्थलों पर पुलाव एवं चाय का लंगर लगाने के साथ ही गरीबों को वस्त्र कंबल आदि बांटकर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि दे रहे हैं। ठंड से बचाव के लिए उन्होंने कई जगह अलाव जलाने की व्यवस्था भी की है। बता दें श्री गुरू गोविंद सिंह जी के प्रिय चार साहबजादों के शहीदी पर्व के तहत दुनिया भर में 21 से 27दिसम्बर तक सिख समाज के लोग शहीदी सप्ताह मनाते हैं। इस दौरान सिख समाज में सभी तरह के मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं और सभी अपनी सामर्थ्यअनुसार गरीब जरूरतमंदों की सेवा



के लिए बढ़चढ़कर भागीदारी करते हैं। पिछले कई वर्षो से रूद्रपुर के वरिष्ठ समाजसेवी डा. मनमोहन सिंह भी शहीदी पर्व को गरीबों की सेवा करके मनाते आ रहे हैं। इस बार भी पिछले चार दिनों से उनके द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर जरूरतमंदों के लिए चाय नाश्ते के अलावा पुलाव का लंगर लगाया गया। इस दौरान कई स्थानों पर गरीब जरूरतमंदों को कपड़े और कम्बल आदि भी बांटे गये। 70 वर्ष की उम्र में भी डा. मनमोहन सिंह इस पुण्य कार्य को पूरे जोश के साथ करते हुए नजर आते हैं। डा. मनमोहन सिंह का कहना है कि श्री गुरू गोविंद सिंह जी के प्रिय चार साहबजादों की शहीदी जो दुनियां के इतिहास में न कभी हुई थी और शायद कभी भविष्य में सुनने को मिले जिसमें हिंदु धर्म की रक्षा के लिये इस्लाम न कबूलने पर गुरू गोविंद सिंह जी के सबसे छोटे साहिब जादे बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह को बहादुरी का परिचय देने के जुर्म में मुगल सम्राट ने जहां जिन्दा दिवार में चुनवाकर शहीद किया वही दूसरी तरफ एक सप्ताह के अंतराल में ही उनके दोनों बडे भाई साहिबजादा अजीत सिंह व जुझार सिंह भी कम आयु में सरहंद की लडाई में भारी भरकम मुगल सेना से जंग कर चालीस सैनिकों के साथ शहीद हो गये। ऐसे महान शहीदों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। डा. मनमोहन सिंह ने कहा कि चार साहिबजादों की शहीदी के बाद जब लोगों ने गुरू साहब की प्रतिक्रिया जाननी चाही तब सर्वत्र दानी गुरू गोविंद सिंह जी ने दहाड कर कहा 'चार मुऐ तो क्या हुआ, जीवत कई हजार।'

# क्रिसमस पर सजने लगे हैं गिरजाघर

## गिरजाघरों में प्रभु ईशु के जीवन से जुड़ी कई झांकियां भी सजाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्रिसमस पर्व की यहां ईसाई समाज द्वारा जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं। इस मौके पर जहां गिरजाघरों को फूल मालाओं तथा रंगबिरंगी रोशनी से भव्य रूप से सजाया जा रहा है। वहीं प्रार्थना स्थलों को भी भव्य रूप दिया जा रहा है। सभी गिरजारघरों में आज सायंकाल से ही कार्यक्रम प्रारम्भ हो जायेंगे। गीत संगीत के साथ प्रार्थना स्थलों में प्रभु ईशु की महिमा का गुणगान किया जायेगा। वहीं बच्चों को उपहार भी वितरित किये जायेंगे। क्रिसमस पर्व को लेकर ईसाई समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सांताक्लॉज की वेशभूषा में सजे बच्चे व अन्य लोग आकर्षण का केन्द्र बने रहेंगे। नगर में आदर्श कालोनी में स्थित करूणा प्रार्थना भवन चर्च व सेंन्ट्रल मैथोडिस्ट चर्च, सिह कालोनी की शालोम एसेम्बली ऑफ गॉड चर्च, गंगापुर रोड की संत अन्ना कोथोलिक चर्च में सामूहिक प्रार्थना में सभी की खुशहाली, सुख समृद्धि, देश के विकास, आपसी सौहार्द की मंगल कामनायें की जायेंगीं। सभी गिरजाघरों में प्रभु ईशु के जीवन से जुड़ी कई झांकियां भी सजाई जा रही हैं।






# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## कुश्ती खिलाड़ियों की निराशा

भारतीय कुश्ती महासंघ विवादों से बाहर नहीं निकल पा रहा। हालांकि लंबे इंतजार के बाद इसके पदाधिकारियों का चुनाव हो तो गया, मगर उसके अध्यक्ष पद पर पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के काबिज होने से एक नया विवाद शुरू हो गया है। इस जीत से निराश होकर साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास की घोषणा कर दी।पहलवान बजरंग पुनिया ने भी अपना पद्म श्री सम्मान लौटा दिया है। कहा जा रहा है कि संजय सिंह के जरिए कुश्ती महासंघ पर एक तरह से बृजभूषण शरण सिंह का ही कब्जा बना रहेगा। इसके संकेत भी चुनाव नतीजे आने के साथ ही मिलने शुरू हो गए थे। न केवल बृजभूषण शरण सिंह विजय जुलूस में शामिल हुए, बल्कि उनके घर के बाहर समर्थकों ने इस आशय का बैनर भी लगाया कि दबदबा बना रहेगा। गौरतलब है कि बृजभूषण शरण सिंह पर महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण का आरोप लगा था। इसे लेकर लंबे समय तक महिला खिलाड़ियों ने धरना-प्रदर्शन किया था। मगर खेल मंत्रालय का रवैया इस मामले में पक्षपातपूर्ण ही देखा गया था। तब अदालत के हस्तक्षेप से बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा सकी थी। फिर भी दिल्ली पुलिस जांच में कोताही बरतती देखी गई थी। अंततः अदालत की सख्ती के बाद उनके खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल हो सका था। जांचों से स्पष्ट है कि महिला खिलाड़ियों के प्रति बृजभूषण शरण सिंह का व्यवहार उचित नहीं था। इसलिए अदालत ने उनके और उनके परिवार के किसी सदस्य के महासंघ का चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी। मगर संजय सिंह को चुनाव लड़ा कर एक तरह से बृजभूषण शरण सिंह ने फिर से महासंघ पर अपनी पकड़ बना ली है। ऐसे में खिलाड़ियों का भय, निराशा और आक्रोश समझा जा सकता है। खिलाड़ियों ने आंदोलन ही इस बात को लेकर छेड़ा था कि महासंघ को साफ-सुथरा और खिलाड़ियों के लिए अनुकूल वातावरण बनाया जा सके। मगर ऐसा हो न सका। सरकार का सकारात्मक रुख न होने की वजह से खिलाड़ियों ने पहले भी अपने पदक गंगा में विसर्जित करने का फैसला किया था। मगर उन्हें ऐसा करने से रोका और आश्वस्त किया गया था कि उनकी मांगें पूरी कराई जाएंगी। अब जब फिर से महासंघ पर बृजभूषण शरण सिंह की छाया बरकरार है, तो समझाना मुश्किल नहीं कि इन खिलाड़ियों के लिए उसमें रहना कितना मुश्किल होता। दरअसल, यह स्थिति केवल कुश्ती महासंघ की नहीं है। हर खेल संघ में किसी न किसी तरह का विवाद देखा जा सकता है। इसलिए कि खेल संघों में राजनीतिक लोगों का प्रवेश रोका नहीं जा सका है। कुछ साल पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में उठे एक विवाद पर सर्वोच्च न्यायालय ने लोढ़ा समिति की गठन किया था। उसने सुझाव दिया था कि बीसीसीआइ में खिलाड़ियों को ही पदाधिकारी बनाया जाना चाहिए और उनका एक पद पर कार्यकाल एक वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। जब तक राजनीतिक लोगों को खेल संघों से दूर नहीं रखा जाएगा, तब तक इनमें अनियमितताओं को खत्म करना मुश्किल ही बना रहेगा। अगर बृजभूषण शरण सिंह जैसे लोगों का कुश्ती महासंघ में प्रवेश न हो पाता, तो शायद ऐसी स्थिति न आ पाती, जैसी इस समय है। जिन खिलाड़ियों ने विरोध में संन्यास लिया और अपना पद्म श्री लौटाया है, वे दुनिया में भारत का नाम ऊंचा कर चुके हैं। उनके आगे न खेल पाने से आखिरकार नुकसान देश का ही होगा।

## धूमधाम से मनाया गया इंस्पिरेशन स्कूल में ग्रांडपेरेन्ट्स डे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में ग्रांडपेरेन्ट्स डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा एक व कक्षा दो के विद्यार्थियों के दादा-दादी, नाना-नानी और माता-पिता आमंत्रित किए गए थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रजवलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत कक्षा 1 के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत से की गयी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें कक्षा एक के विद्यार्थियों ने रेट्रो डांस की प्रस्तुति दी तथा कक्षा 2 के विद्यार्थियों द्वारा कुमाऊँनी नृत्य प्रस्तुत किया। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों ने रिश्तों का महत्व बताते हुए एक नाटक प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में दादा दादी और नाना नानी के लिए विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित किये गये थे जिसमें दादा-दादी और नाना- नानी ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। जिसमें दादाओं और नानाओं में ब्लो दि ग्लास गेम में प्रथम स्थान श्री प्रेम सिंह बोरा, द्वितीय खीम सिंह एवं तृतीय स्थान सुरेश चन्द्र व रासिद हुसैन, म्यूजिकल रिंग में प्रथम स्थान राम सिंह बिष्ट, द्वितीय एन0 एस0 बोरा एवं तृतीय स्थान तिलक राज एवं टारगेट दि शॉट में प्रथम स्थान बहादुर सिंह रौठार, द्वितीय हीरा सिंह एवं तृतीय स्थान नवीन चन्द्र जोशी का रहा तथा दादियों और नानियों में स्ट्रेच इट आउट में प्रथम स्थान श्रीमती मोहिनी ग्वाल, द्वितीय स्थान श्रीमती बीना देवी एवं तृतीय स्थान श्रीमती अर्चना अग्रवाल, ऐम यूअर गोल प्रथम स्थान श्रीमती लीला तिवारी, द्वितीय स्थान श्रीमती वीणा गम्भीर एवं तृतीय स्थान श्रीमती कमला त्रिपाठी, कलेक्ट यूअर कोन में प्रथम स्थान श्रीमती पुष्पा चौहान, द्वितीय स्थान श्रीमती आशा उपाध्याय व श्रीमती कलावती पाण्डे एवं तृतीय स्थान श्रीमती गुरमीत कौर व गोविंदी देवी, टारगेट दि शॉट प्रथम स्थान श्रीमती कुंती देवी, द्वितीय श्रीमती हेमा जोशी एवं तृतीय स्थान श्रीमती नीमा लोसाली एवं म्यूजिकल रिंग में प्रथम स्थान श्रीमती गीता देवी, द्वितीय श्रीमती विमला भारद्वाज एवं तृतीय स्थान श्रीमती कमला बिष्ट का रहा। रेम्प वॉक में श्रीमती मोहिनी रावत, श्रीमती कलावती पाण्डे, प्रेम सिंह बोरा, नवीन चन्द्र जोशी को पुरूस्कृत किया गया। सूबेदार मेजर एन0 एस0 बोरा द्वारा दी गई विशेष प्रस्तुति ने सभी का मनमोह लिया। विद्यालय की प्रबन्धिका डॉ0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा एवं श्रीमती प्रियंका बाजपेयी शर्मा ने आगन्तुक दादा-दादी और नाना-नानी का आभार व्यक्त किया और सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका श्रीमती रीता राठौर व श्रीमती दामिनी कपूर ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीत अध्यापक श्री संजय गोस्वामी, मोहित पंत, गौरव कुमार, मुकेश सागर, अंकिता चौधरी खेल अध्यापिका श्रीमती पल्लवी रावत, विजय पांडे, अंकित राय कला अध्यापिका श्रीमती नीरू जोशी गोयल व श्रीमती रिचा वर्मा, कक्षा एक व दो की कक्षा अध्यापिकाओं श्रीमती सुनीता म्यान, श्रीमती रितिका बोरा, श्रीमती कविता नेगी व श्रीमती सोनिया मेहता ने सहयोग दिया। निर्णायक मण्डल में श्रीमती रश्मि भट्ट व श्रीमती शिल्पी नेगी थे। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएँ मौजूद रहे।









## अवैध शराब सहित दो नशा तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने गश्त के दौरान दो अलग अलग स्थानों से दो नशा तस्करों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना पुलिस ने जगतपुरा गली नम्बर 6 वार्ड 5 निवासी सूरज सरकार पुत्र रंजन को घर के पास अवैध शराब बेचते कट्टे में रखे 54 पाउच अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जबकि नई बस्ती ट्रांजिट कैम्प निवासी मूल निवासी ग्राम रिठौरा थाना हाफिजगंज बरेली सतेन्द्र गुप्ता पुत्र नरेन्द्र को पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान सिडकुल ढाल के पास उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह बाईक संख्या यूपी 25 सीयू 1556 पर सवार होकर आ रहा था। टीम ने तलाशी के दौरान उसके पास से कट्टे में भरे कुल 52 पाउच अवैध शराब के बरामद किये। पूछताछ में सतेन्द्र ने बताया कि यह बाईक उसके भाई सन्नी की है। पुलिस ने दोनों नशा तस्करों से बरामद अवैध शराब कब्जे में लेकर दोनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## सड़क पर गिरा मोबाइल लौटाया

गदरपुर( उद संवाददाता)। शहर के हरीश अग्रवाल ने ईमानदारी दिखाते हुए सड़क किनारे गिरे मोबाइल फोन को वापस लौटा दिया। सुबह मॉर्निंग वॉक पर जाते हुए हरीश अग्रवाल को मदान फोटो स्टेट बाली गली में सड़क किनारे पर एक मोबाइल फोन गिरा हुआ मिला। जांच में मोबाइल सरफराज हुसैन पुत्र मौ. सन्नी का निकला। हरीश अग्रवाल ने उस व्यक्ति को बुलाकर मोबाइल फोन उसको वापस कर दिया। वहीं सरफराज हुसैन ने मोबाइल फोन वापस मिलने पर हरीश अग्रवाल का आभार व्यक्त किया।



## गांव गांव पहुंच रहा विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ




चम्पावत (उद संवाददाता)। विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ निरंतर जनपद के ग्रामीण इलाकों के कोने कोने तक पहुंच रहा है। लोगों यात्रा रथ में लगी स्क्रीन द्वारा वीडियो के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं से भारत के विकसित होने की कहानी ग्रामीणों के सामने प्रदर्शित की जा रही है। इस दौरान विभिन्न सरकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व रूपरेखा के बारे में भी विस्तार से बताया जा रहा है। भारत विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हो रही बैठकों में ग्रामीणों को तमाम केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों द्वारा भी अपने अपने विचार साझा किया जा रहे हैं। इसके अलावा विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं का लाभ उठाने की भी लोगों से अपील की जा रही है। विभागीय अधिकारियों द्वारा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ सरकार द्वारा लोगों को रोजगार से जोड़ने को कई महत्वपूर्ण योजनाएं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिसका लाभ उठाकर कई लोग रुआत्मनिर्भर बन सकते हैं। साथ ही लोगों द्वारा विकसित राष्ट्र की शपथ भी ली जा रही हैं। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने और उन्हें जागरूक करने के साथ-साथ अधिक से अधिक व्यक्तियों को लाभान्वित करना है। यह यात्रा लोगों के पास जाने, जागरूकता पैदा करने और स्वच्छता सुविधाओं, आवश्यक वित्तीय सेवाओं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर तक पहुंच, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छ पेयजल जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने पर केंद्रित है। विकसित भारत संकल्प यात्रा समस्त जनपद में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणी कार्य योजनाओं का लाभ और उन्हें योजनाओं के संबंध में जागरूक कर रही है। इसी क्रम में 23 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ जनपद के विकास खंड पाटी के ग्राम पंचायत चौड़ापिता,धूरा व रमक आदि में पहुँची। विकासखंड पाटी के रमक में 2 लोगों के किसान क्रेडिट कार्ड, 1 का मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 14 व्यक्तियों को कृषि यंत्र वितरित किया गया, दो के ई केवाईसी, 3 लोगों के प्रधानमंत्री किसान निधि बनाये गए।विकसित भारत संकल्प यात्रा कैंप में जनमानस के पेंशन, राशन कार्ड ,परिवार रजिस्टर, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, मातृ वंदना ,पीएम किसान सम्मान आदि योजनाओं में ऑनलाइन पंजीकरण एवं अपडेशन किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों व आम जनता ने प्रतिभाग किया।

## हरिहर आश्रम पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत

हरिद्वार। श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े की आचार्यपीठ हरिहर आश्रम हरिद्वार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत देर शाम पहुंच गए। उन्होंने आश्रम में संत समाज से मुलाकात की और कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। डॉ. मोहनराव भागवत आज रविवार को आश्रम के मृत्युंजय मंडपम में संतों के सान्निध्य



में आयोजित धर्मसभा में शामिल होंगे। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद महाराज के पीठ पर विराजमान हुए 25 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस उपलक्ष्य में हरिहर आश्रम में भव्य आयोजन किए गए हैं। तीन दिवसीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। देर शाम महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण का अभिनय करने वाले अभिनेता नितीश भारद्वाज की ओर से चक्रव्यू का मंचन किया जाएगा।

## परिवहन निगम के मृतक आश्रितों को मिलेगी रोडवेज में नौकरी

देहरादून। अपनों के खोने के गम के साथ परिवहन निगम के मृतक आश्रित के तौर पर जिन परिवारों को सहारा नहीं मिल रहा था, उन्हें धामी सरकार ने बड़ी राहत दे दी है। सरकार ने निगम में मृतक आश्रित कोटे के 195 पदों को 2017 में फ्रीज कर दिया था। इसके चलते सभी मृतक आश्रित नौकरी का इंतजार व आंदोलन कर रहे थे। परिवहन निगम की वित्तीय स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है। पूर्व में हालात खराब होने के चलते पदों को फ्रीज किया गया था। आश्रितों के आंदोलन के बीच पिछले साल सितंबर में निगम की बोर्ड बैठक में तय हुआ था कि इन कर्मचारियों को संविदा पर नौकरी दी जाएगी, जिसका सभी कर्मचारी संगठनों ने भी भारी विरोध किया था। इसके बाद निगम ने शासन को इन पदों को अनफ्रीज करने का प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव को शुक्रवार की कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी गई। इससे मृतक आश्रितों को नियमित नियुक्ति मिल सकेगी। वहीं, उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश महामंत्री अशोक चौधरी ने इस कदम का स्वागत किया। मांग की कि बाकी 3000 फ्रीज पदों को भी अनफ्रीज करके सरकार यहां विशेष श्रेणी व संविदा कर्मियों को नियमित करे।

## सुरेश गढ़िया को मिलेगा राष्ट्रीय आदर्श युवा विधायक सम्मान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कपकोट विधानसभ क्षेत्र के भाजपा विधायक सुरेश गढ़िया को भारतीय छात्र संसद ने राष्ट्रीय आदर्श युवा विधायक सम्मान 2023 के लिए चुना है। विधायक को 10 से 12 जनवरी तक पुर्ण के एमआईटी वर्ल्ड पीस विश्वविद्यालय में होने वाले कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों की ओर से विधायक को भेजे गए पत्र में इस आशय की जानकारी दी गई है। विधायक के राष्ट्रीय युवा विधायक सम्मान के लिए चुने जाने पर भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्खाण, भाजपा नेत्री सुनीता टम्टा, लीती महिला मंगल दल की अध्यक्ष धना कोरंगा, पीएस कोरंगा सहित क्षेत्रवासियों ने शुभकामनायें दी है।



## बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया स्वागत

काशीपुर(उद संवाददाता)। बार एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव नतीजों की देर शाम घोषणा होने के बाद समर्थकों में जश्न का माहौल पैदा हो गया। देर रात तक ढोल नगाड़ों की थाप पर अधिवक्तागण थिरकते नजर आए। नतीजा की घोषणा होने के तत्काल बाद जनजीवन उत्थान समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने विभिन्न पदों पर जीत हासिल किए पदाधिकारियों का स्वागत किया। अखिल भारतीय ब्राह्मण उत्थान सभा के महानगर अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट ने कहा की बार एसोसिएशन के निर्वाचित अध्यक्ष अवधेश चौबे प्रतिभाशाली व उच्च व्यक्तित्व के अधिवक्ता हैं। वह हमेशा अधिवक्ताओं के हित के लिए कार्य करेंगे। अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा समस्त निर्वाचित पदाधिकागण को अधिवक्ता हित में कार्य करने के लिए प्रेरित करती रहेगी ।इस मौके पर दर्जनों की तादाद में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# उत्तराखंड में मूल निवास प्रमाण पत्र के नये मानक बनायेगी सरकार : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मूल निवास प्रमाण पत्र के मानकों के निर्धारण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने भू कानून की सिफारिशों पर कार्रवाई के लिए गठित अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में बनी उच्च स्तरीय समिति से मूल निवास प्रमाण पत्र के मानकों के निर्धारण के संबंध में सिफारिशें देने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके लिये राज्य हित सर्वोपरि है। राज्यवासियों ने जिस संकल्प के साथ राज्य निर्माण का सपना देखा है उसको पूर्ण करने के लिये वे निरंतर प्रयासरत हैं। राज्यवासियों का राज्य हित से जुड़ा भू-कानून हो या मूल निवास प्रमाण पत्र का विषय इस दिशा में राज्य सरकार संजीदगी के साथ राज्यवासियों के साथ है। इसी के दृष्टिगत इन विषयों पर विचार विमर्श कर अपनी स्पष्ट सिफारिश राज्य सरकार को उपलब्ध कराने के लिए ही अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। बता दें कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सामान्य प्रशासन विभाग यह आदेश जारी कर



चुका है कि जिन लोगों के पास मूल निवास प्रमाण पत्र है, उन्हें स्थाई निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की बाध्यता नहीं है। भू कानून और मूल निवास के मुद्दे पर गरमाई सियासत के बीच मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उन्होंने भू कानून के संबंध में एक उच्चस्तरीय समिति बनाई थी। समिति को राज्य में औद्योगिक विकास कार्यों के लिए भूमि की आवश्यकता तथा राज्य में उपलब्ध भूमि के संरक्षण के मध्य संतुलन को ध्यान में रख कर विचार-विमर्श करते अपनी सिफारिशें सरकार को उपलब्ध कराने को कहा था। पूर्व में गठित समिति राज्य के हितबद्ध पक्षकारों, विभिन्न संगठनों, संस्थाओं से सुझाव आमंत्रित कर गहन विचार-विमर्श कर लगभग 80 पृष्ठों में अपनी रिपोर्ट तैयार की थी। इसके अलावा समिति ने सभी जिलाधिकारियों से प्रदेश में अब तक दी गई भूमि खरीद की मंजूरियों का विवरण मांग कर उनका परीक्षण भी किया। समिति ने अपनी सिफारिशों में ऐसे बिंदुओं को शामिल किया जिससे राज्य में विकास के लिए निवेश बढ़े और रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो। साथ ही भूमि का अनावश्यक दुरुपयोग रोकने की भी समिति ने सिफारिश की है।

# एसडीएम और विधायक के कहने पर चलायी थी जेसीबी

## अंकिता भंडारी हत्याकांड: वनंत्रा रिजॉर्ट में जेसीबी चालक ने रिजॉर्ट का गेट और बाउंड्रीवाल तोड़ी

कोटद्वार(उद संवाददाता)। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोटद्वार रीना नेगी की अदालत में अंकिता हत्याकांड के सत्र परीक्षण के दौरान शुक्रवार को दो पुलिसकर्मियों और एक जेसीबी चालक के बयान दर्ज हुए। जेसीबी चालक ने बताया कि उसने यमकेश्वर के तत्कालीन एसडीएम और विधायक के कहने पर वनंत्रा रिजॉर्ट में जेसीबी चलाई थी। कोटद्वार के एडीजे कोर्ट में ट्रायल के दौरान शुक्रवार को अभियोजन पक्ष की ओर से तीन गवाह श्यामपुर निवासी जेसीबी चालक दीपक और घटना के दिन लक्ष्मणझूला थाने में तैनात पुलिसकर्मी राजवीर सिंह व रवींद्र सिंह के अदालत में बयान दर्ज कराए गए। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनुज पुंडीर व अमित सजवाण ने बताया कि जेबीसी चालक दीपक ने बताया कि उस दौरान ऋषिकेश के श्यामपुर में सतेंद्र सिंह रावत की जेसीबी चलाता था। जेसीबी मालिक के निर्देश पर वह 23 सिंतबर, 2022 को जेसीबी लेकर वनंत्रा रिजॉर्ट गया। जहां तत्कालीन एसडीएम के निर्देश पर उसने रिजॉर्ट का गेट और बाउंड्रीवाल तोड़ी। इसके बाद वह हरिद्वार की ओर निकल



गया। हरिद्वार में वह शिवमूर्ति के पास पहुंचा था कि तभी यमकेश्वर की विधायक के पीए का फोन आया। उन्होंने फिर से जेसीबी के साथ वनंत्रा रिजॉर्ट पहुंचने को कहा। वह जेसीबी लेकर फिर रिजॉर्ट पहुंचा तो वहां पर विधायक मौजूद थीं। विधायक के निर्देश पर ही उसने दो कमरों की दीवार व खिड़कियां तोड़ी थी। विधायक ने उस रात उन्हें बगल के रिजॉर्ट में ठहराया था। पुलिसकर्मी रवींद्र सिंह ने हत्याकांड के मुकदमे से संबंधित माल व दस्तावेज न्यायालय में लाने व अदालत के आदेश पर विधि विज्ञान प्रयोगशाला देहरादून में दाखिल करने की बात कही। राजवीर ने बताया कि 10 अक्तूबर, 2022 को वह मालखाने से संबंधित डीवीआर को कोर्ट के आदेश से सीएफएसएल चंडीगढ़ परीक्षण के लिए ले गया था। अंकिता के परिजनों के अधिवक्ता अजय पंत व नरेंद्र सिंह गुसाईं ने बताया कि इस मुकदमे में अब तक 33 लोगों की गवाही कराई जा चुकी है। एसआईटी की ओर से इस मामले में 97 गवाह बनाए गए हैं। अब अगली सुनवाई पांच जनवरी को होगी।

# उत्तराखंड के छात्रों ने राष्ट्रीय गणित पजल प्रतियोगिता में जीते 20 स्वर्ण पदक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तराखंड के छात्रों ने मुंबई यूनिवर्सिटी में हुए केन-केन राष्ट्रीय गणित पजल ओलंपियाड में 20 स्वर्ण पदक जीते। उत्तराखंड के छात्रों ने केन-केन गणित पजल ओलंपियाड में शानदार सफलता हासिल की।मुंबई में गत दिनों केन-केन राष्ट्रीय गणित पजल ओलंपियाड मुंबई यूनिवर्सिटी में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में उत्तराखंड के छात्रों ने 20 स्वर्ण पदक हासिल किए हैं। इस सफलता के साथ, हमारे छात्र-छात्राएं ने गणित क्षेत्र में अपनी शक्ति और प्रतिबद्धता का परिचय कराया है। केन-केन उत्तराखंड के मुख्यालय के धर्मेंद्र सिंह ने इस मौके पर कहा, इस सफलता से हमें गर्व है कि हमारे छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी श्रेष्ठता का परिचय करा रहे हैं। इस सफलता के पीछे हमारे छात्रों की मेहनत, उनके शिक्षकों का समर्थन, और उत्तराखंड के स्कूल का बड़ा योगदान रहा है। यह सबका संयोग है और हम सभी मिलकर और भी ऊंचाइयों की ओर बढ़ने के लिए



प्रतिबद्ध हैं। पदक जीतने वालों मे लविश मदान (आर.ए.एन पब्लिक स्कूल रुद्रपुर), अदम्य मिश्रा (ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल सितारगंज), युवराज पवार (एमेनिटी पब्लिक स्कूल रुद्रपुर), निर्वि पांडे (आर.ए.एन पब्लिक स्कूल रुद्रपुर), अर्णव छेत्री (आर.ए.एन पब्लिक स्कूल रुद्रपुर), सार्थक पवार (एमेनिटी पब्लिक स्कूल रुद्रपुर),किरत सबरवाल (सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाजपुर), आरती खुल्लर (ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल बाजपुर), अक्ष टम्टा (एस.एस. ग्लोबल स्कूल सितारगंज), कार्तिकेय सिंह तोमर (एमेनिटी पब्लिक स्कूल रुद्रपुर), सानवी सूरी (रिवरडेल पब्लिक स्कूल बाजपुर), आदर्श ठुकराल (एमेनिटी पब्लिक स्कूल रुद्रपुर),ओम गर्ग (सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाजपुर), सुखजिंदर सिंह (एमेनिटी पब्लिक स्कूल रुद्रपुर), हार्दिक गोयल (रिवरडेल पब्लिक स्कूल बाजपुर), एकमप्रीत कौर (एमेनिटी पब्लिक स्कूल रुद्रपुर),हरनूर सोढ़ी (रिवरडेल पब्लिक स्कूल बाजपुर), कनिका खुल्लर (ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल बाजपुर), अनन्या चंद्रा(रिवरडेल पब्लिक स्कूल बाजपुर),आयु गोयल (रिवरडेल पब्लिक स्कूल बाजपुर) शामिल थे। तोमर ने इस अद्वितीय क्षण के लिए उत्तराखंड के लोगों, छात्र- छात्राओं, और उनके परिवारों का आभार जताया।

# काशीपुर के त्रिलोक नेगी बने प्रोकेम स्लेम चैंम्पियन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।मुंबई, बंगलूरू, दिल्ली एवं कोलकाता में होने वाले सुप्रसिद्ध चार मैराथन दौड़ों में सफलता प्राप्त कर प्रतिष्ठित प्रोकेम स्लेम अवार्ड हासिल करने वाले काशीपुर के पूर्व सैनिक त्रिलोक सिंह नेगी उत्तराखंड के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें 17 दिसंबर को कोलकाता में होने वाले टाटा स्टील 25 किलोमीटर मैराथन ढाई घंटे में पूरी करने के बाद इस अवार्ड से सम्मानित किया गया ।2023 में प्रतिष्ठित प्रोकेम स्लेम अवार्ड प्राप्त करने वाले पूर्व सैनिक त्रिलोक सिंह नेगी इस साल यह सम्मान प्राप्त करने वाले देश के सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों में भी शामिल हो गए। ट्रेक एवं फील्ड खेलों में रुचि रखने वाले त्रिलोक नेगी इससे पहले



भी कई स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर के मैराथन एवं खेल स्पर्धाओं में प्रतिभाग कर चुके हैं। इस वर्ष नवम्बर में रूद्रपुर में आयोजित उत्तराखंड राज्य स्तरीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी उन्होंने दो स्वर्ण एवं एक रजत पदक जीत कर उधमसिह नगर को चैम्पियनशिप दिलाने अहम योगदान दिया। 67 वर्ष के इस पूर्व सैनिक का खेलों के प्रति उत्साह एवं जोश आज की युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा श्रोत तो है ही साथ ही बढ़ती उम्र के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति मार्ग दर्शक भी है।

# कुमारी शैलजा के प्रभारी बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह: मीना

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री, और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुश्री कुमारी शैलजा को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रभारी बनाए जाने पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने पार्टी हाई कमान का आभार व्यक्त कर नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी सुश्री कुमारी शैलजा को हार्दिक बधाई दी है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि कुमारी शैलजा के उत्तराखंड प्रभारी बनाए जाने पर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है और उन्हें उम्मीद है कि उनके कुशल दिशा निर्देशन में उत्तराखंड कांग्रेस मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी, जिसका लाभ लोकसभा,पंचायत और निकाय चुनाव में पार्टी को मिलेगा।

# महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली थाना क्षेत्र से एक 52 वर्षीया महिला बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब महिला का पता लगाना शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला आर्य नगर निवासी प्रीति कश्मीरा 52 वर्ष पत्नी जीपी कश्मीरा बीते 21 दिसंबर की शाम लगभग 4बजे परिजनों को बगैर बताए घर से कहीं चली गई। परिजनों का कहना है कि पिछले सप्ताह भर के करीब से महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही थी। महिला के गायब होने के बाद परिजनों ने उसकी तमाम संभावित स्थानों पर तलाश की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने गुमशुदगी की दर्ज कर गायब महिला का पता लगाना शुरू कर दिया।

# ब्राह्मण महासभा का परिचय सम्मेलन आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंदिर ब्राह्मण महासभा द्वारा परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के परिवारों में एक दूसरे का परिचय कराया गया। आयोजित सम्मेलन में सैकड़ो की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग पहुंचे। हवन पूजा के साथ सम्मेलन की शुरुआत की गई। ब्राह्मण समाज के लोगों ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी को सनातन धर्म की ओर चलना चाहिए। उन्होंने कहा आज ब्राहम्ण समाज को एकजुट होने की आवश्क्ता है। सम्मेलन में किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, पुनीत शर्मा, प्रवेश शर्मा, पदम शर्मा और ब्राह्मण समाज के सैकड़ो महिला और पुरुष उपस्थित रहे।



## पेज एक का शेष...

**भारतीय कुश्ती महासंघ...**ने यह भी आरोप लगाया कि नया निकाय पिछले पदाधिकारियों के पूर्ण नियंत्रण में प्रतीत होता है, जिनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए गए थे। मंत्रालय ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि नवनिर्वाचित निकाय खेल संहिता की पूरी तरह अनदेखी करते हुए पूर्व पदाधिकारियों के नियंत्रण में है। आगे कहा, फेडरेशन का कारोबार पूर्व पदाधिकारियों द्वारा नियंत्रित परिसर से चलाया जा रहा है। खिलाड़ियों के द्वारा यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गए हैं। अदालत इस मामले की सुनवाई कर रही है। बता दें कि पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के प्रमुख चेहरों में शामिल साक्षी ने डब्ल्यूएफआई चुनाव में संजय सिंह की जीत के तुरंत बाद खेल से संन्यास की घोषणा की थी, जबकि बजरंग ने शुक्रवार को अपना पद्मश्री लौटा दिया था। डेफलंपिक्स (मूक बधिर खिलाड़ियों का ओलंपिक) के स्वर्ण पदक विजेता वीरेंद्र सिंह यादव ने एक्स पर लिखा, मैं भी अपनी बहन और देश की बेटी के लिए पद्मश्री सम्मान लौटाऊंगा। , डब्ल्यूएफआई के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय सिंह ने शनिवार को कहा कि वह बृजभूषण शरण सिंह के कठपुतली उम्मीदवार नहीं हैं। संजय सिंह ने पत्रकारों से कहा, जो खिलाड़ी हैं उन्होंने तैयारी शुरू कर दी है और जो राजनीति करना चाहते हैं वह ऐसा कर सकते हैं। यह उनका निजी मसला है। मैं इस पर बात नहीं करूंगा।

**उत्तराखंड मूल निवास स्वाभिमान..**आंदोलन है, जिसका नेतृत्व उत्तराखंड की आम जनता कर रही है। इसलिए इस आंदोलन से संबंधित कोई भी फैसला आम जनता के बीच से ही निकलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ठोस भू कानून लागू हो।, शहरी क्षेत्र में 250 मीटर भूमि खरीदने की सीमा लागू हो। ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। गैर कृषक की ओर से कृषि भूमि खरीदने पर रोक लगे। पर्वतीय क्षेत्र में गैर पर्वतीय मूल के निवासियों के भूमि खरीदने पर तत्काल रोक लगाई जाए। राज्य गठन के बाद से वर्तमान तिथि तक सरकार की ओर से विभिन्न व्यक्तियों, संस्थानों, कंपनियों आदि को दान या लीज पर दी गई भूमि का ब्यौरा सार्वजनिक किया जाए। प्रदेश में विशेषकर पर्वतीय क्षेत्र में लगने वाले उद्यमों, परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण या खरीदने की अनिवार्यता है या भविष्य में होगी, उन सभी में स्थानीय निवासी का 25 प्रतिशत और जिले के मूल निवासी का 25 प्रतिशत हिस्सा सुनिश्चित किया जाए। ऐसे सभी उद्यमों में 80 प्रतिशत रोजगार स्थानीय व्यक्ति को दिया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**पूजित अक्षत की ..**जिला संघ चालक ज्ञानेन्द्र, नगर संघ चालक लक्ष्मी नारायण, विधायक शिव अरोरा, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, दर्जा राज्यमंत्री उत्तम दत्ता, सुशील चौहान, संजय ठुकराल, प्रमोद शर्मा, तेज सिंह बिष्ट, जगदीश सुखीजा, संदीप धीर, सुभाष रस्तोगी, विजय बहादुर, विकास शर्मा, विजय भान, इन्द्रजीत मंडल, विजय मंडल, डा. संजय, राजेन्द्र बिष्ट, विष्पेन्द्र सिंह, जोगेन्द्र चौहान, विशाल खेड़ा, संजीव चौहान, अंजुल त्यागी, सुभाष डोगरा, राहुल तिवारी, संकुल राणा, राकेश चौहान, रविन्द्र गर्ग, आदित्य, रमेश जोशी, रमेश बिष्ट, हिमांशु कन्याल, राजेन्द्र भट्ट, संभाष चतुर्वेदी, रेनू जुनेजा, राज कोली, अमित गौड़, राधेश शर्मा, मयंक कक्कड़,सुनील यादव, राजन राठौर, राजकुमार साहा, अनिल चौहान, अंजू रामपाल, अल्का अरोरा, शीला चौधरी व काजल सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

**मुख्यमंत्री धामी...**अतिथि कैबिनेट मंत्री उत्तराखण्ड सरकार गणेश जोशी होंगे, जबकि अध्यक्षता प्रान्तीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के संरक्षक अनिल गोयल द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक बाली समेत व्यापार मण्डल के प्रदेश, जिला एवं महानगर पदाधिकारी और सदस्य गण उपस्थित रहेंगे।पत्रकार वार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी दिलप्रीत सिंह सेठी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**जयंती पर स्व. इंद्रमणि..**राज्य निर्माण आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ ही स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी की राज्य के स्वरूप के प्रति सोच व दृष्टि स्पष्ट थी। वह राज्य को समृद्ध बनाना चाहते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के समग्र विकास में हम सबको सहयोगी बनना होगा। स्वर्गीय बडोनी की जयंती का अवसर हमें उत्तराखंड को विकसित एवं अग्रणी राज्य बनाने की प्रेरणा देता है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रेनबो स्कूल में वार्षिक खेल दिवस एवं क्रिसमस कार्निवाल की धूम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रेनबो पब्लिक स्कूल में विगत वर्षो की भाँति 'खेल दिवस' एवं 'क्रिसमस कॉर्निवल' का आयोजन किया गया, जिसमें वर्ष भर की सम्पन्न हुई विभिन्न चरणों की प्रतियोगिताओं में विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर एवं मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर क्रार्यक्रम के सम्मानित अतिथि डॉ0. नागेन्द्र प्रसाद शर्मा ने एन.सी.सी. प्रशिक्षिका 'पिंकी सिंह' के नेतृत्व में विद्यालय के एन. सी. सी. कैडेटस की सलामी ली एवं कैडेटस का परिचय प्राप्त किया। तदुपरांत श्री शर्मा एवं मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्टस एस, सी, पाण्डेय को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। कक्षा 9 के अशनीत सिंह और रोहित शर्मा ने बैण्ड की सुमधुर ध्वनि से अतिथियों की अगवानी की। कार्यक्रम का







शुभारम्भ गणेश वंदना से हुआ। 9-11 की छात्राओं ने मधुर कण्ठ से स्वागत गीत प्रस्तुत कर सम्मानित अतिथियों का अभिनन्दन किया। जहाँ कक्षा 8 के विद्यार्थियों ने थीम सॉग प्रस्तुत किया वहीं खेलो इण्डिया एवं पेनपॉन समूह नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। डॉ0. नागेन्द्र शर्मा ने अपने उदबोधन में कहा- शिक्षा मनोवृत्तियों के विकास का माध्यम है। परेड, अनुशासन नियमों का ही परिमार्जित स्वरुप है, जिसके साक्षात दर्शन विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन में हुए। डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्टस एस.सी, पाण्डेय ने कहा खेलकूद का न केवल शारीरिक बल्कि मानवचरित्र पर भी अच्छा प्रभाव पड़ता है। प्रदर्शित लेजियम, डम्बल पी.टी. , एरोबिक्स, एन. सी.सी - परेड, योगा एवं ड्रिल, जुजुत्सू आदि गुणकारी व्यायाम है। जिनसे शरीर की शिथिलता तो दूर होती है साथ ही इनसे कठिन साधना, सैनिक के समान अनुशासन, सहनशीलता, प्रतियोगिता की भावना, भाईचारा, त्वरित निर्णय क्षमता, धैर्य -क्षमा आदि जीवन-मूल्यों का स्वत: ही विकास होता है। विद्यालय प्रबन्धक संजीव मलिक ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और शुभकामनाएं दी। उन्होने उपनिदेशक स्पोर्टस एस. सी . पाण्डेय एवं प्रेसिडेन्ट डिस्ट्रिक ऑलम्पिक डा. नागेन्द्र प्रसाद शर्मा को अपना बहुमूल्य समय विद्यालय को प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन कार्यवाहक प्रधानाचार्य संजय कुमार अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। रेनबो परिवार में जुड़े नवीन सदस्य श्रीमती गौरी मलिक एवं दिव्यांशी मलिक की उपस्थिति पर हर्ष व्यक्त किया। श्रीमती गीतांजली मलिक एवं संजय कुमार अग्रवाल ने खेल प्रशिक्षक अमन बर्नवाल , प्रियम त्रिपाठी, किरन गुप्ता, पिंकी सिंह, बलबिन्दर सिंह, योग शिक्षिका श्रीमती लक्ष्मी नेगी, नृत्यशिक्षिका आशिया रजा, संगीत शिक्षक-स्टीफेन को विद्यार्थियों को दिए प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। अंत में समस्त शिक्षक गण, विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमूह को खेलदिवस एवं क्रिसमस की बधाई दी।

# रोजगार केंद्र के बिजनेस आइडिया को सरकार करेगी फंडिंग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से डॉ. आशीष गुप्ता ने प्रतिनिधित्व कर अहमदाबाद से 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इसके अंतर्गत उन्होंने महाविद्यालय स्तर पर देवभूमि उद्यमिता योजना को पूर्ण रूप से प्रभावी बनाने की दिशा में कौशल प्राप्त किया। डॉ. आशीष ने बताया कि इस योजना अन्तर्गत महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को उद्यमिता कौशल के संबंध में जानकारी साझा कर उन्हें उद्यमिता विकास, रोजगार, स्टार्टअप एवं व्यवसायिक निपुणता को प्राप्त करने की दिशा में छात्र छात्राओं को प्रेरित किया जायेगा। देवभूमि उद्यमिता विकास कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को उद्यमी बनाने, उनके अंदर उद्यमिता कौशल को निखारने तथा युवाओं को व्यवसाय व रोजगार सृजन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम




से विद्यार्थियों को उद्यमशीलता योजना की जानकारी प्रदान करने के लिए महा विद्यालय स्तर पर बूट कैम्प का आयोजन किया जाना है, जिसमे 250 छात्र छात्राओं को उद्यमिता के बारे में पूर्ण जानकारी प्रदान कर उन्हें सीड फंडिंग, सरकारी एवं गैर सरकारी प्रोत्साहन योजना को प्राप्त करने की दिशा में प्रशिक्षित किया जायेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डीसी पंत ने कहा कि देवभूमि उद्यमिता विकास कार्यक्रम को पूर्ण रूप से महाविद्यालय में लागू किया जाएगा और इस हेतु महाविद्यालय में उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना हो चुकी है। जहां विद्यार्थियों को उद्यमिता योजना के क्रियान्वयन से संबंधित हर प्रकार की सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। महाविद्यालय उद्यमिता विकास केंद्र रोजगार सृजन की दिशा में अपनी भूमिका निभाएगा। इस दिशा में शीघ्र ही महाविद्यालय में बूट कैंप का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को उत्तराखण्ड सरकार की देवभूमि उद्यमिता पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। छात्र छात्राओं को स्टार्ट- अप और बिजनेस शुरू करने के लिए प्रशिक्षण और फंड दिया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग में उत्तराखण्ड सरकार की अत्यंत उपयोगी एवं महत्वपूर्ण देवभूमि उद्यमिता योजना के माध्यम से छात्रों को उद्यमिता और स्टार्ट-अप के प्रति जागरूक कर नए उद्यमों को स्थापित कर रोजगार के नए अवसर हेतु डा. आशीष कुमार गुप्ता को अहमदाबाद में भारत की उद्यमिता के क्षेत्र में एकमात्र अग्रणी उद्यमिता विकास संस्थान में 6 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया गया है जो अब रुद्रपुर में देवभूमि उद्यमिता केंद्र स्थापित कर युवाओं को स्टार्ट अप, लघु उद्योग, व्यापार ,ई- सुविधा, ई - कॉमर्स, फैक्ट्री उत्पादन करने की 500 से भी अधिक उद्यम के अवसरों से परिचित कराएंगे और सीड फंड देकर उनका स्टार्ट अप शुरू करने की जिम्मेदारी उत्तराखण्ड सरकार की होगी।

# बच्चों को नि:शुल्क लगाए स्वास्थ्य रक्षक इंजेक्शन

गदरपुर (उद संवाददाता)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. संजीव सरना के दिशा निर्देशन में विभिन्न स्कूलों में स्वास्थ्य रक्षक और प्रतिकूल वातावरण से बचाव हेतु रोग प्रतिरोधक डीपीटी और टीडी के इंजेक्शन बच्चों को लगाए जाने का अभियान जारी है । वार्ड नंबर एक के गुरु नानक पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य चंपा पांडे के



निर्देश पर तीन दर्जन से अधिक बच्चों को डीपीटी और टीडी के इंजेक्शन निशुल्क लगाए गए, एनम सीमा रानी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 वर्ष,10 वर्ष और 16 वर्ष तक के बच्चों को डीपीटी और टीडी के इंजेक्शन लगाए गए । अपने बच्चों को स्वास्थ्य रक्षा के लिए भी स्वच्छ वातावरण में रहते हुए शुद्ध खाना तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां प्रदान की इस दौरान एनम सीमा रानी व फातिमा,आशा कार्यकर्ती सुमन रानी,शिक्षिका फरीन,सरिता, रितु,शाहीना,बलजीत आदि ने सहयोग किया ।

# भारतीय जनहित सेवा संगठन ने गरीबों को बांटे कंबल

जसपुर।मिलन बैंकट हाल में भारतीय जनहित सेवा संगठन संस्था द्वारा गरीबों को कंबल वितरण का कार्यक्रम आयाजित किया। जिसमें पूर्व विधायक शैलेन्द्र मोहन सिंघल, चेयरमैन प्रत्याशी हाजी राशिद व कई ग्राम प्रधानों ने सैकड़ों गरीब लोगों को



कम्बल बांटे। इस दौरान पूर्व विधायक शैलेन्द्र मोहन सिंघल ने बताया कि भारतीय जनहित सेवा संगठन द्वारा कार्यक्रम किया गया। जिसमें लगभग 150 गरीब जरूरतदों को रजाई एवं कम्बल बांटे गये। संस्था इस तरह का कार्यक्रम हर वर्ष चलाती है।

# केसरवानी वैश्य सभा की चिंतन बैठक आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड केसरवानी वैश्य सभा द्वारा एक चिंतन बैठक आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। उसके बाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों और पदाधि कारियों ने अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि समाज का प्रथम अधिवेशन 1918 में हुआ। बैठक में सर्वशिक्षा, सामाजिक एकता, आपसी सामंजस्य पर जोर दिया गया। ईश वंदना के बाद कार्य कारिणी परिचय हुआ। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। संचालन राजकुमार केसरवानी एवम





सुरेश केसरवानी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोलानाथ केसरवानी ने की। बैठक मे राष्ट्रीय कार्यकारिणी से संरक्षक शिव कुमार वैश्य,अध्यक्ष राजीव गुप्ता, महामंत्री वीरेन्द्र केसरवानी, विभिन्न प्रदेशों के अध्यक्ष,महामंत्री तथा अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में उत्तराखंड केसरवानी वैश्य सभा के महामंत्री गिरीश केसरवानी, कोषाध्यक्ष माणिक केसरवानी, नगर कार्यकारिणी से सुरेश केसरवानी, मोतीलाल केसरवानी, सुमित केसरवानी, युवा अध्यक्ष दिलीप केसरवानी,महिला अध्यक्ष गीतू केसर वानी, संदीप केसरवानी, प्रमोद कुमार वैश्य, राजकुमार केसरवानी, ललित केसरवानी , रमेश केसरवानी, बबिता केसर वानी, पूनम केसरवानी, चेतना केसरवानी , सारिका केसरवानी, कुसुमलता केसरवानी, वीरेंद्र केसरवानी, देवेंद्र केसरवानी, मनोहर केसरवानी, मनोज केसरवानी आदि समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

# वर्षो से कार्यरत रोडवेज कर्मियों को नियमित करने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ की एक बैठक बस स्टेशन में श्रीमती मीना जोशी की अध्यक्षता व क्षेत्रीय मंत्री कुमाऊं क्षेत्र रामप्रीत यादव के संचालन में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश महामंत्री बालमुकुन्द सुयाल एवं प्रान्तीय संगठन मंत्री बालकृष्ण शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में श्री सुयाल ने बताया कि प्रदेश की कैबिनेट बैठक में रोडवेज के मृतक आश्रितों की नियुक्ति का प्रस्ताव पास कर दिया गया है। बाल कृष्ण शर्मा ने प्रदेश सरकार से अनुरोध किया कि जिस जिस प्रकार वर्ष 2011 में उत्तराखण्ड सरकार की कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव लाकर संविदा, दैनिक, तदर्थ नियुक्त अल्प वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमित किये जाने का रास्ता साफ किया गया उसी प्रकार से निगम के वर्षो से कार्यरत संविदा, विशेष श्रेणी



के चालक परिचालको तथा कार्यशाला कार्मिको को नियमित किये जाने का रास्ता बनाये। बैठक में सर्वसम्मति से मांग की गयी कि परिवहन निगम में अनुवन्ध बसों के बजाय तत्काल केन्द्र सरकार के कोटे की 200 बसें तथा प्रदेश सरकार की स्वीकृत 200 बसें उपलब्ध करायी जाय। ताकि पर्वतीय मार्गो पर बन्द सेवा का संचालन किया जा सके। बैठक में तय किया गया कि इन सभी बिंदुओं के निदान हेतु यथा शीघ्र मुख्यमंत्री से बाती की जायेगी। बैठक में नवनीत कपिल, चन्दन सिंह बिष्ट, प्रेम दुम्का, प्रेम चंद्र जोशी आदि मौजूद थे।

# बच्चों को बताया गुरु तेग बहादुर का जीवन इतिहास

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा मोती नगर स्थित बीएलएम अकैडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्री गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस मनाया गया। विद्यालय के करीब 600 छात्रों को हिंद की चादर नामक पत्रक वितरित किया गया। जिसमें गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और उनके बलिदान को विस्तार से बताया गया। क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव भगवान सहाय अग्रवाल ने बताया की इतिहास में धर्म एवं मानवीय मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धान्त की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वालों में गुरु तेग बहादुर साहब का स्थान अद्वितीय है। शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने बताया कि यह एक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है। जिसमें सभी शाखाएं पूरे देश भर में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस मौके पर प्रधानाचार्य गायत्री कंवर, मीनू गुप्ता, एकता अग्रवाल आदि लोग उपस्थित थे।



इसी के साथ परिषद द्वारा चार स्कूलों में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रत्येक स्कूल के दो अध्यापकों और दो छात्रों को सम्मानित किया गया। इसमें स्कॉलर्स अकैडमी होम की अध्यापिका किरण तिवारी और विमला चौहान और छात्रों में अनामिका जोशी तथा तनीषा बिष्ट, यूनिवर्सल कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अध्यापक राजेश कुमार पंत, किरण अधिकारी और छात्रों में कनिष्क बिष्ट, देवेश पपनी, गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के अध्यापक कल्पना जोशी और दीपा फुलारा तथा छात्रों में हरीश पंत, तनिष्क रावत और केवीएम हीरानगर स्कूल के अध्यापक दीपा त्रिपाठी, रेनू खोलिया तथा छात्रों में ईशा जोहरी और तुषार खाती को भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर महासचिव डॉ अभिषेक मित्तल, उपमा शेट्टी, डॉ अतुल राजपाल, गिरीश केसरवानी, गीतू केसरवानी आदि सदस्य उपस्थित थे।